हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 2 मार्च 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 18 डिग्री


09 होली और रमजान को लेकर प्रशासन सख्त



10 छग का बजट राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण ...




# अछोटा पुल के नीचे रेत का अवैध उत्खनन, पर्यावरण सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा

## शासन को लाखों का राजस्व नुकसान, कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला मुख्यालय से लगे अछोटा ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित पुल के नीचे ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का खेल खुलेआम जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रतिदिन सैकड़ों चक्कर लगाकर रेत की चोरी की जा रही है, जिससे शासन को रॉयल्टी के रूप में लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है और पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंच रही है।

ग्रामीण रमेश पटेल, पंचराम गुरु, उमेश मांडवी, रामचरण ध्रुव, दीपक देवांगन, जगदीश निषाद, प्रेमशंकर यादव सहित अन्य नागरिकों ने बताया कि करेठा, कोलियारी, अछोटा सहित आसपास के क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन लगातार किया जा रहा है। पुल के नीचे से रेत निकाले जाने के कारण नदी तट का तेजी से क्षरण हो रहा है, जिससे अछोटा पुल की नींव कमजोर होने का खतरा बढ़ गया है।

### शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में खनिज विभाग धमतरी को कई बार लिखित शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। कार्रवाई के अभाव में रेत माफिया बेखौफ होकर अवैध उत्खनन कर रहे हैं।



### ट्रैक्टरों से दुर्घटना की आशंका

क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने यह भी बताया कि पुल के पास से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार ट्रैक्टरों की आवाजाही से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। यदि कोई बड़ा हादसा होता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी।

### कार्रवाई नहीं तो होगा उग्र आंदोलन

जिलावासियों ने अबिनाश मिश्रा से तत्काल हस्तक्षेप कर अवैध उत्खनन और परिवहन में लगे वाहनों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा तथा मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### होली पर धमतरी में सजेगा फागुन ठहाका

■ देशभर के कवि बरसाएंगे हास्य के रंग

**धमतरी।** रंगों के पर्व होली को और भी उल्लासमय बनाने के लिए धमतरी में चार मार्च को हास्य कवि सम्मेलन फागुन ठहाका का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा के संयोजन में यह कार्यक्रम रात्रि आठ बजे से श्रीराधाकृष्ण भवन में होगा। सम्मेलन में देश के विभिन्न शहरों से आए ख्यातिनाम कवि अपनी हास्य-व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को ठहाकों से सराबोर करेंगे। दिल्ली से पद्मनी शर्मा, आगरा से योगिता चौहान, राजनांदगांव से पद्मलोचन मुंहफट, भिलाई से आलोक शर्मा, रायपुर से रामेश्वर वैष्णव तथा सारंगढ़ से शशिभूषण स्नेही विशेष प्रस्तुति देंगे। आयोजक ने बताया कि यह आयोजन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देगा। होली के रंगों के साथ शब्दों के रंग घुलेंगे और शहर को एक यादगार सांस्कृतिक संध्या मिलेगी।

### पीजी कालेज में आज युवा संसद प्रतियोगिता

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में 2.1 भारत में युवा आवाज़ों को एक मंच प्रदान करने के लिए 2019 से राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का प्रतिवर्ष आयोजन किया जाता है जो विकसित भारत@ 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप है। विकसित भारत युवा संसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2017 में व्यक्त किए गए उस दृष्टिकोण का प्रतीक है, जिसमें उन्होंने देश को आगे बढ़ाने के लिए एक लाख युवा नेताओं के उभरने का आह्वान किया था। इस युवा संसद में 18-25 वर्ष की आयु के युवा भाग ले सकते हैं। युवा संसद 2026 का जिला स्तरीय आयोजन आज 2 मार्च को बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में होगा।

### पेंशनरों की मासिक बैठक 5 को

**मगरलोड।** पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा मगरलोड की मासिक बैठक 5 मार्च गुरुवार को स्थानीय पेंशनर कार्यालय मगरलोड में रखी गई है। बैठक में नियमित कार्यक्रम के अलावा वार्षिक शुल्क वसूली हेतु रसीद बुक एवं सूची दी जाएगी। सभी जोन प्रभारी एवं पेंशनरों से उपस्थिति की अपील की गई है। यह जानकारी कार्यालय प्रभारी कोमल सिंह साहू ने दी है।

### पानी टंकी से कूदकर युवती ने दी जान





**धमतरी।** सुभाष नगर कांटातालाब स्थित पानी टंकी से कूदकर एक 17 वर्षीय युवती ने आत्महत्या कर ली। अब तक आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना रविवार शाम की है। सुभाष नगर निवासी रानू उर्फ रागिनी श्रीवास्तव उम्र 17 साल मोबाइल से बात करते हुए ओव्हरहेड पानी टंकी पर चढ़ गई और कुछ देर बाद वहां से छलांग लगा दी। घायल स्थिति में लोगों ने उसे एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई थी। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। अब तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है।

## जिले के 11 केंद्रों में खरीदी की तैयारी, 36 सौ किसान पंजीकृत

# आज से शुरू होगी चने की समर्थन मूल्य पर खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के 11 खरीदी केंद्र चना खरीदी के लिए तैयार है। 1 मार्च को रविवार होने के कारण खरीदी शुरू नहीं की गई। 2 मार्च से औपचारिक रूप से खरीदी की शुरूआत की जाएगी। होली त्योहार के बाद खरीदी के लिए चना आने की उम्मीद है।

धान के बाद शासन ने चना को समर्थन मूल्य पर खरीदने की तैयारी कर ली है। इसके लिए जिलेभर में 11 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर तराजू बाट से लेकर मजदूरों तक सभी चीजों की व्यवस्था कर ली गई है। समस्या यह है कि खरीदी तो शुरू कर दी गई है, लेकिन अभी तक किसानों की फसल तैयार नहीं हुई है। किसानों ने कटाई-मिंजाई शुरू नहीं की है। ऐसे में चने की खरीदी शुरू होने में वक्त है। किसान युवराज शर्मा, रामरोशन ध्रुव, अशोक कोडोपी ने बताया कि होली के बाद कुछ किसानों के चने की कटाई हो जाएगी, लेकिन बाकी किसानों की फसल तैयार होने में 15 दिन से एक माह का वक्त लगेगा। होली के बाद चने की आवक तो शुरू हो जाएगी, लेकिन खरीदी को रफ्तार पकड़ने में एक माह का वक्त लगेगा।



### पंजीयन की अंतिम तिथि घोषित नहीं

खरीदी केंद्रों में 28 फरवरी को अंतिम तिथि मानी जा रही है, लेकिन शासन ने पंजीयन की अंतिम तिथि घोषित नहीं की है। ऐसे में माना जा रहा है कि खरीदी के साथ ही किसानों का पंजीयन भी चलता रहेगा। खरीदी का पहला दिन रविवार होने के कारण स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। 2 मार्च को स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। साफ्टवेयर खुला रहा तो किसानों का पंजीयन जारी रहेगा। जानकारी के अनुसार अब तक 36 सौ किसानों ने चना बेचने के लिए अपना पंजीयन करवाया है।

### नहीं पहुंचे बारदाने

पिछले साल चने की खरीदी धान के बारदानों में की गई थी। उल्लेखनीय है कि धान के बारदानों की क्षमता 40 किग्रा की है, जबकि चने की खरीदी 50 किग्रा के पैकेट में की जाती है। ऐसे में धान के बारदाने छोटे पड़ते हैं। सहकारी समिति कर्मचारी संघ के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि इस साल चना खरीदी के लिए अलग से बारदानों की मांग की गई है। आश्वासन मिला है कि इस साल 50 किग्रा क्षमता वाले बारदाने उपलब्ध कराए जाएंगे, लेकिन अब तक बारदाने नहीं पहुंचे हैं। ऐसे में धान के बारदानों में ही खरीदी शुरू की जाएगी। इसके अतिरिक्त उठाव भी यथाशीघ्र करने की मांग की गई है।

# मौका मिला, फिर भी नहीं सुधरे अब जेल में मनानी पड़ेगी होली

■ आदतन 39 बदमाशों पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सुधरने के लिए मौका देने के बाद भी आदत से बाज नहीं आने वाले 39 गुंडा बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इससे एक दिन पहले पुलिस ने 35 बदमाशों की विशेष परेड ली थी।

होली के मद्देनजर पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। खासकर आदतन बदमाशों पर कड़ी नजर रखी है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार गुंडा बदमाशों को समझाइश दी जा रही है। समझाइश के बाद भी नहीं सुधरने वाले बदमाशों की लिस्ट बनाकर त्योहार से पहले ही उन्हें जेल दाखिल कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु विभिन्न थाना क्षेत्रों में गुंडा,निगरानी बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सघन प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। समझाइश के बावजूद सुधार नहीं होने तथा शांतिभंग की आशंका एवं मिल रही शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 39 उपद्रवियों के विरुद्ध धारा 170, 126 एवं 135 (3) बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।



### ये हुए जेल दाखिल

धर्मेंद्र कुमार ओगरे तेलीनसत्ती, गिरवर साहू श्यामतराई, नागेश्वर उर्फ नागेश पटेल पोटियाडीह, डोमन हिरवानी, सोमन सिन्हा देमार, हर्ष कुमार साहू आमदी, तुषार साहू आमदी, परसराम साहू आमदी, कृष्णा उर्फ बिट्टू नायक हटकेश्वर, गुलशन गर्ग भखारा, लोमश साहू भठेली, चंद्रहास दीवान भोथा, सुखदेव साहू भोथा, गजेंद्र उर्फ रावन निषाद बेलोरा, दीपक कुमार मिर्झा उर्फ भोकवा, भूपेंद्र कुमार ध्रुव गणेशपुर, टकेश्वर ध्रुव उर्फ टक्कू कचना, निविन ध्रुव टिकरापारा, अमन दीवान उमरदा, गजानन मिर्झा, साहिल निर्मलकर भखारा, रोहन जांगड़े चरमुड़िया, राहुल कुर्रे पाईकभाठा, मधुशंकर लहरे पाईकभाठा, साहिल अली पाईकभाठा, विकास आडिल पाईकभाठा, चांद कुर्रे पाईकभाठा, पृथ्वीराम नेताम भेजरीरावन (सेमरा), भावेश कुमार यादव धरमपुर (सेमरा), राजकमल नेताम भेजरीरावन (सेमरा), टिकेश्वर यादव उर्फ बुच्चु स्कूलपारा (सेमरा), धीरज बिसेन उर्फ मोटू, जागेन्द्र उर्फ राजा उर्फ जादू भट्ट रामसागरपारा वार्ड, डिकेश्वर उर्फ सुक्सी लाइनपारा, लक्की गुप्ता, तामेन्द्र यादव उर्फ सोनू जंगलपारा, शुभम साहू बूढ़ारावपारा, रवि मरकाम जंगलपारा, पुष्पजीत खरे जंगलपारा नगरी को जेल दाखिल किया गया है।

# आज जलेगी होलिका, चार मार्च को उड़ेगा रंग-गुलाल

■ तिथि को लेकर भ्रम समाप्त, शहर के कई स्थानों पर होगा होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



होलिका दहन की तिथि को लेकर बना संशय अब लगभग समाप्त हो गया है। पंचांगों में भिन्न गणनाओं के कारण 2 और 3 मार्च को लेकर असमंजस था, लेकिन परंपरागत विद्वानों की सलाह के अनुसार अधिकांश क्षेत्र में 2 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। हालांकि कुछ मोहल्लों में 3 मार्च को भी दहन की तैयारी है। धमतरी में 100 से अधिक स्थानों पर होलिका जलाई जाएगी। पंडित राजकुमार तिवारी के अनुसार

शास्त्र सम्मत तिथि 2 मार्च है। भद्राकाल और पूर्णिमा को ध्यान में रखते हुए 3 मार्च की संध्या को होलिका दहन के लिए शास्त्र सम्मत बताया है। कुछ विद्वान 3 मार्च को भी मान्य मानते हैं।

शहर के बाजारों में रंग, गुलाल, पिचकारी और पूजा सामग्री की दुकानें सज गई हैं। बच्चे गली-मोहल्लों में लकड़ियां एकत्र कर परंपरा निभा रहे हैं और चंदा संग्रह भी जारी है।

होली को शांतिपूर्ण बनाने के लिए पुलिस टीमें वार्डों में मंडलियों से संपर्क कर रही हैं। आज शाम 4 बजे सिटी कोतवाली संवाद केंद्र में शांति समिति की बैठक हुई। वहीं सोमवार को पुलिस द्वारा शहर में फ्लैग मार्च निकाला जाएगा।

# त्रयम्बकेश्वर धाम बनने से ओन्हाकोन्हा की तस्वीर बदली

■ 38 मकान वाले इस गांव के हर हाथ को मिल रहा है रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर से 25 किमी दूर गंगरेल बांध के तट पर बसा ग्राम ओन्हाकोन्हा धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन का केंद्र बन गया है। त्रयम्बकेश्वर धाम बनने से गांव के हर व्यक्ति को रोजगार मिलने लगा है। रविवार को ओन्हाकोन्हा में धमतरी, बालोद, दुर्ग सहित अन्य जिलों से पर्यटकों का हुजूम उमड़ रहा।

ओन्हाकोन्हा में त्रयम्बकेश्वर धाम की कल्पना और उसे साकार करने वाले धमतरी निवासी तीरथराज फूटान ने बताया कि गंगरेल बांध बनने से पहले ग्राम ओन्हाकोन्हा कृषि संपन्न गांव था। बांध निर्माण से यह गांव डुबान में आ गया। सैकड़ों प्रभावित परिवार अपना घर बार छोड़कर अन्यत्र स्थानों पर चले गए। कुछ परिवार बांध के किनारे घासफूस की झोपड़ियां बनाकर रहने लगे। उस समय यहां बसे लोगों के जीविकोपार्जन का साधन वनोपज तथा मछली मारना था। श्री फूटान ने आगे बताया कि उसे इस बात का आनंद है कि त्रयम्बकेश्वर धाम बनने से यहां के लोगों को रोजगार मिला। ओन्हाकोन्हा फिर से समृद्ध गांव के रूप में विकसित हो रहा है। श्री फूटान का कहना है कि ओन्हाकोन्हा देवभूमि है। उपर वाले की कृपा से त्रयम्बकेश्वर धाम संभव हुआ है।



### कालसर्प दोष, नवग्रह पूजन के लिए नवग्रह मंदिर

त्रयम्बकेश्वर धाम के गर्भगृह में ब्रम्हा-विष्णु-महेश के रूप में पिंड स्थापित किया गया है। इसके अलावा गर्भगृह में गणेश, कार्तिकेय, पार्वती, लक्ष्मी, ब्रम्हाणी, कुबेर, धन्वंतरि, कालभैरव की प्रतिमा स्थापित की गई है। गर्भगृह के बाहर कच्छप तथा नंदी की प्रतिमा है। एक नवग्रह मंदिर बनाया जा रहा है। समाज सेवी श्री फूटान ने बताया कि नवग्रह मंदिर में ब्रम्हा-विष्णु-महेश भगवान की त्रिमूर्ति शिवलिंग के साथ नवग्रहों का शिवलिंगों के साथ पिंड स्थापित किया गया है। यहां कालसर्प दोष निवारण यज्ञ, नवग्रह शांति पूजा का विशेष अनुष्ठान होगा। श्रद्धालु भी पूजा करा सकेंगे।

### नाव और दुकानों से रोजगार



त्रयम्बकेश्वर महादेव मंदिर निर्माण की नींव सन 2004 में रखी गई। जैसे-जैसे विशाल मंदिर आकार लेते गया, वैसे- वैसे पर्यटक यहां खींचे चले आते गए। ग्रामीण केशव मंडावी, महेश मरकाम ने बताया कि ओन्हाकोन्हा 38 परिवारों का गांव है। शनिवार-रविवार को करीब एक हजार पर्यटक आते हैं वहीं अन्य दिनों में 200 से अधिक लोगों का आना-जाना रहता है। पार्किंग शुल्क से महिला समिति को रोजगार मिलता है। धाम के पास दर्जनभर लोग दुकान का संचालन करते हैं। गांव के लगभग सभी परिवार के पास नाव है। मछली मारने तथा वनोपज से आय होती है। नाव ऐसी है कि इसमें डीजल मोटर लगाकर बांध की सैर कराई जाती है। प्रत्येक नाव से दो लोगों को रोजगार मिल जाता है। त्रयम्बकेश्वर धाम बनने से गांव में समृद्धि और खुशहाली आई है।

### अनाथालय, वृद्धाश्रम, ध्यान केंद्र बनेगा

त्रयम्बकेश्वर धाम के संचालक तीरथराज फूटान ने बताया कि मंदिर के उपर पहाड़ है जहां की जमीन समतल है। उसे मंदिर की जमीन मानी जाती है। वहां अनाथालय, वृद्धाश्रम, ध्यान केंद्र तथा आयुर्वेदिक चिकित्सालय बनाने की दिशा में काम किया जाएगा।

## ग्राहकों को राहत, किसान और व्यापारी चिंतित

# इतवारी बाजार में हरी सब्जियों के दाम लुढ़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के प्रमुख इतवारी बाजार में इन दिनों सब्जियों के दाम में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। बाजार में सब्जियों की भरपूर आवक के चलते कीमत तेजी से नीचे आई है। सस्ते दाम से जहां आम उपभोक्ताओं के चेहरे खिले हुए हैं, वहीं किसान और थोक विक्रेता इस गिरावट से मायूस नजर आ रहे हैं।

बाजार में रोजमर्रा की सब्जियां बेहद कम दाम पर बिक रही हैं। व्यवसायी तुलाराम सोनकर के अनुसार टमाटर 5 से 10 रुपये किलो, आलू 15 रुपये, प्याज 25 रुपये तथा हरी सब्जियां 10 से 20 रुपये किलो तक पहुंच गई हैं। इसके अलावा भटा 10, गाजर 20, कुंदरु 50, करेला 60, बरबटी 30, भिंडी 40, ग्वारफली 50, कद्दू 30, गोभी 20, मुनगा 80, हरी मिर्च 100, केला 20, पत्ता गोभी 20, डोंडका 30, तोरई 40, कोचई 60, हरा धनिया 30, मूली 20, लौकी 10, शिमला मिर्च 30, परवल 50, कटहल 60, सेमी 20, नवलगोल 10, हरा मटर 20-25 और मेथी भाजी 40 रुपये किलो बिकी।



ग्राहकों का कहना है कि लंबे समय बाद सब्जियां सस्ती हुई हैं, जिससे घरेलू बजट को राहत मिली है। वहीं किसानों का कहना है कि बीज, खाद, पानी और परिवहन की लागत के मुकाबले उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है।

किराना सामान में भी नरमी देखी गई। आलू 15, प्याज 25, शक्कर 45, गुड़ 55, खड़ी हल्दी 200, खड़ी मिर्च 250, खड़ा धनिया 150, जीरा 280, काली मिर्च 800, लहसुन 150, रिफाइंड तेल 120, सरसों 90, मेथी दाना 80, अरहर दाल 120, मूंग दाल 100, उड़द दाल 110, मसूर दाल 90, काबुली चना 75, सफेद मटर 60, हरा मटर 100, चना दाल 85, पोहा 50 और अंडा 70 रुपये दर्ज किया गया।

व्यापारियों के अनुसार आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से अधिक सप्लाई होने के कारण दाम में गिरावट आई है। धमतरी के बाजारों में सस्ती सब्जियों ने ग्राहकों को राहत दी है, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

# किसानों को उड़द बीज का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शनिवार को राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत किसानों को उड़द बीज का वितरण किया गया। ग्राम भटगांव के किसान शिवलाल साहू, गजाधर प्रसाद सिन्हा, सुखराम साहू, त्रिलोचन प्रसाद साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत भटगांव में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने उड़द की खेती को प्रोत्साहित करने करीब 25 किसानों को निःशुल्क उड़द बीज का वितरण किया। इस अवसर पर जनपद सभापति जयंत्री ध्रुव, जनपद सदस्य अनीता यादव, सरपंच फागूराम साहू समेत बलराम, रामाधार, भागीराम, हेमराज, जोगीराम, विकास कुमार, रूपसिंग व बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### चरमुड़िया स्कूल में हुआ न्योता भोज

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला चरमुड़िया में दीपक पटेल ने अपनी पत्नी अपर्णा पटेल के जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन किया। इस दौरान शाला के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को खीर-पूड़ी, चावल-दाल, गोभी, आलू, नवलगोल, मटर की सब्जी परोसी गई। इस अवसर पर शाला की प्रधानपाठिका गायत्री चंद्राकर, सहायक शिक्षक चेमनलाल साहू उपस्थित थे।

### चालक की लापरवाही से हुई मौत, मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 ठेलकाबोड़ के पास सड़क दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 04 एचक्यू 4189 के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी वाहन चालक द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाने से गोविंद नेताम को गंभीर चोट आया व इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर अस्पताल में इलाज के दौरान 28 दिसंबर को मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### आग से बचाने डमरू की गूंज से गूंजा संदेश

**दुर्गूकोंदल।** वन संरक्षण को लेकर एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल के तहत ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने ग्राम झिटकाटोला में डमरू बजाकर ग्रामीणों को वनों को आग से बचाने के लिए जागरूक किया। पारंपरिक तरीके से लोगों का ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने वन सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह गांव की गलियों में डमरू बजाते हुए निकले और ग्रामीणों को समझाया कि गर्मी के मौसम में छोटी सी लापरवाही भी भीषण वनाग्नि का रूप ले सकती है।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत भनसुली निवासी 17 वर्षीय दीपिका कुंजाम पिता रतन ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 27 फरवरी को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका ने फांसी किन कारणों से लगाया, यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थाना क्षेत्र के हल्बा चौकी अंतर्गत 26 वर्षीय प्रफुल्ल चक्रधारी पिता स्व. सुरेंद्र ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

**न्यायालय तहसीलदार भखारा**
**जिला धमतरी छ.ग.**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र..... अ-74 / वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोजराम साहू पिता पुनारद जाति तेली निवासी सरबदा तहसील भखारा द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक के पुत्री मलिका का जन्म दिनांक 31/10/2006 को ग्राम सरबदा में हुई है । आवेदक अपने पुत्री की जन्म दिनांक 31/10/2006 को आज दिनांक तक जन्म-मृत्यु रजिस्टर कार्यालय में पंजीयन नही कराया है जिस संबंध मे जन्म प्रमाण की मांग हेतु विधिवत आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धा प्रमाण पत्र की प्रति मय दस्तावेज न्यायालय में पेश किया है

अतः आवेदक भोजराज साहू के आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या हित बद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो पेशी दिनांक 06/03/2026 को स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 23/2/2026 को न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर — तहसीलदार भखारा

## नागरिकों ने व्यसन मुक्त समाज निर्माण का लिया सामूहिक संकल्प

# आदर्श होली व कुरीति उन्मूलन का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा नगरी द्वारा युग निर्माण योजना के सप्त आंदोलनों के अंतर्गत आदर्श होली महोत्सव एवं व्यसन मुक्ति, कुरीति उन्मूलन महाअभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंध ट्रस्टी रमेश सार्वा के निवास पर हुई जहां उनके तथा निष्ठावान कार्यकर्ता मदन सेन का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर साधकों ने उन्हें प्रेरणा स्रोत बताते हुए समाज सेवा के मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहने का संकल्प व्यक्त किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार की शक्तिपीठ नगरी से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें युग संदेशों के साथ आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा में भगवान नरसिंह नाथ की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। बजरंग चौक में शोभायात्रा का नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने स्वागत किया। उन्होंने नशामुक्त और आदर्श होली मनाने का आह्वान किया। उन्होंने नागरिकों से सामाजिक कुरीतियों को त्यागकर स्वस्थ और संस्कारित समाज निर्माण में सहभागिता की अपील की।




### धर्मसभा में लिया सामूहिक निर्णय

राजबाड़ा चौक पहुंचकर रैली एक धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। विभिन्न समाज प्रमुखों एवं संगठनों के प्रतिनिधियों ने व्यसन मुक्त, कुरीति रहित समाज निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। जैन समाज सहित अन्य समाजों के वरिष्ठजनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष स्वरूप प्रदान किया। इस अभियान में रमेश सार्वा, मदन सेन, रामकुमार सामरथ, शिव सरोज, रमेश साहू, तुकाराम साहू, वशिष्ठ मरकाम, पोषण पटेल, रतिराम, श्रीमती गायत्री बोदेले, तीरथ साहू, रिकेश्वरी साहू, साधना अग्रवाल, गैंदलाल सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक एवं गायत्री परिजन उपस्थित थे।

# कुकरेल में तहसील भवन का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ मूलभूत सुविधाएं शीघ्र पूर्ण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले के कुकरेल में नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन का कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने तहसील से लाभान्वित होने वाले गांवों की जानकारी अधिकारियों से ली तथा नागरिकों को बेहतर और सुगम राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने भवन में शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए विशेष रूप से विद्युतीकरण, बाउंड्रीवाल निर्माण एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक कार्य समय-सीमा में पूर्ण कर भवन को जल्द से जल्द हैंडओवर किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को तहसील कार्यालय की सुविधाएं शीघ्र मिल सकें। उन्होंने कहा कि नवीन तहसील कार्यालय शुरू होने से ग्रामीणों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए दूरस्थ स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा और समय व संसाधनों की बचत होगी।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत गजेंद्र सिंह ठाकुर, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग श्री राठौर, एसडीएम नगरी मनोज मरकाम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विमल साहू, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## कोर्रा-टिपानी सड़क निर्माण को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



मुख्य बजट 2026-27 के नवीन मद में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत कोर्रा से टिपानी पहुंच मार्ग (नाली क्रमांक 01) के निर्माण कार्य को सम्मिलित किया गया है। इस मार्ग की कुल लंबाई 3.90 किलोमीटर होगी। लंबे समय से प्रतीक्षित इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य को कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के विशेष प्रयासों से स्वीकृति मिली है। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से कोर्रा, इर्रा, चरोटा, लोहारपथरा, गातापार, बोरझरा, हांचलपुर, कोपेडीह, टिपानी सहित आसपास के ग्रामीणों में हर्ष है। इस मार्ग के बन जाने से आवागमन सुगम होगा। किसानों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को गति प्राप्त होगी। इस उपलब्धि पर जिला पंचायत अध्यक्ष पूजा सिन्हा, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, भीम देव साहू, पूर्व सरपंच कोर्रा चोवाराम साहू, भावप्रकाश साहू, रामनारायण नागर्ची, जगदीश्वर प्रसाद शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष रोशन साहू, कौशल साहू, केशव साहू, डॉ अरुण साहू, युवराज साहू, कोमल साहू, ईश्वर साहू, जीतू साहू, मनहरण नेताम, मोहन सेन, गिरधर साहू, लक्ष्मीकांत साहू ने विधायक अजय चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# होली पर्व : चौक-चौराहों में सजी रंग-गुलाल और नगाड़ों की दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



होली पर्व की आहट के साथ ही नगर के बजरंग चौक, बस स्टैंड, चौक चौराहों पर उत्साह और रौनक बढ़ने लगी है। होली से पूर्व नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर स्थित दुकानों में रंग-गुलाल, पिचकारी, अबीर तथा विभिन्न प्रकार की होली सामग्री आकर्षक ढंग से सजाई गई है। दुकानों के बाहर की गई रंग-बिरंगी सजावट और नगाड़ों की गूंज से पूरा क्षेत्र त्योहार के रंग में रंगा नजर आ रहा है। गांव-गांव व नगर में बुधवार को होली पर्व मनाया जायेगा। रविवार को नगर के चौक-चौराहों पर छोटे-छोटे बच्चे और युवा रंग-बिरंगी पिचकारियों व गुलाल की खरीदारी करते दिखाई दिए। वहीं व्यापारी भी ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की होली सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं।

## शराब बेचते पाए जाने पर दस हजार का जुर्माना

■ तर्रागोंदी में सर्व समाज एवं ग्रामीणों की सहमति से लिया गया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम तर्रागोंदी में यदि कोई व्यक्ति शराब बेचते हुए पकड़ा जाता है तो उसके लिए 10000 का जुर्माना रखा गया है साथ ही साथ-चौक चौराहों एवं सार्वजनिक स्थल पर यदि कोई व्यक्ति मादक पदार्थ का उपयोग करते पकड़ा जाता है तो उसके लिए 5000 का जुर्माना रखा गया है। जानकारी देने वालों को 1000 का इनाम दिया जायेगा। क्षेत्र में ताश जुआ खेलने पर पूर्णतः बंद रहेगा। पकड़े जाने पर 10000 का जुर्माना रखा गया है और बताने वाले व्यक्ति को 2000 का इनाम दिया जाएगा। यदि कोई दुकानदार खुला डिस्पोजल व पानी पाउच बेचते हुए पकड़ा जाता है तो उसके उसके खिलाफ भी कारवाई की जाएगी। यदि कोई महिला या पुरुष गांव में गाली-गलौज, मारपीट या शांति भंग करने का प्रयास करता है तो उसकी जानकारी तत्काल थाने में दी जाएगी। पढ़ने वाले बच्चों के पालकों को भी सूचित किया गया है कि शाम 7 के बाद अपने बच्चों को घर से निकलने न दें। अगर घूमते पाया जाता है तो उसके उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 1 मार्च से लागू हो गया है। इसकी निगरानी ग्रामीण विकास समिति द्वारा की जायेगी। यह जानकारी चोवाराम साहू सरपंच ने दी।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना प्रशिक्षण शिविर का समापन, 120 युवाओं को मिला प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



स्थानीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आयोजित वेंडर प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने क्षेत्र के 120 प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस महत्वाकांक्षी योजना से न केवल बिजली की समस्या दूर होगी, बल्कि युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए द्वार भी खुलेंगे। उन्होंने प्रशिक्षण प्रदान करने वाली स्किल इंडिया सोसायटी के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें नगर की ओर से सम्मानित किया।

इस दौरान श्री चंद्राकर ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, स्थानीय विधायक, सांसद और नगर पालिका अध्यक्ष की ओर से सभी युवाओं को बधाई दी। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से आह्वान किया कि वे इस योजना को क्षेत्र के प्रत्येक घर तक पहुंचाने का संकल्प लें ताकि आमजन को मुफ्त और हरित ऊर्जा का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय युवा उपस्थित थे।

# चिरायु टीम की स्क्रीनिंग से खिले नौनिहालों के चेहरे

■ नगरी में 0–6 वर्ष के 408 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, कुपोषित बच्चों को मिला समग्र उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

कलेक्टर के निर्देश पर विकासखंड मुख्यालय नगरी के नगर पंचायत क्षेत्र स्थित सामुदायिक भवन में 0 से 6 वर्ष तक के कुपोषित बच्चों के लिए स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा एवं पार्षदगणों द्वारा किया गया।

शिविर में छह सेक्टरों से कुल 408 बच्चों की जांच की गई, जिनमें कमार जनजाति के बच्चे भी शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष ने दोनों विभागों की पहल की सराहना करते हुए पालकों से शिविर का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। बीपीएम हितेंद्र कुमार साहू ने बताया कि शिविर का उद्देश्य कुपोषित बच्चों की स्क्रीनिंग के साथ एक ही स्थान पर जांच, उपचार, रेफरल और परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराना है।

शिविर में डा. डीएन सोम एनआरसी व चाईल्ड हेल्थ नोडल ने विशेष केटेगरी के बच्चों की जांच की। सोमेन्द्र कुमार साहू परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि ऐसे बच्चे चिन्हांकित हुए जिनका किसी बीमारी के कारण वजन नहीं बढ़ रहा था।

डा. तुलाराम साहू होम्योपैथी चिकित्सक व डा. आशीष तथा डा. एमपी चंद्राकार आयुष चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि उनके कांउटर पर 228 बच्चों का स्वर्ण प्राशन कराया गया व 156 बच्चों को आयुष की मेडिसीन बांटी गई।

डा. अखिल चंद्राकार, डा. शमा खान, डा. रेणुका चैहान व डा. मिथिलेश साहू ने बताया कि उनके कांउटर में भी 165 चिरायु के बच्चे आये थे। अधिकांश सदी खांसी व चर्म रोग के केस थे। एक जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चे का फॉलोअप भी किया गया।

बीएमओ डॉ. अरुण नेताम ने बताया कि शिविर में 88 बच्चों की रक्त जांच की गई, जिसमें कोई भी गंभीर एनीमिया का मामला नहीं मिला। एलोपैथिक काउंटर पर 264 बच्चों को आवश्यक दवाएं दी गईं। नेत्र और दंत रोग के मामलों की भी पहचान कर उपचार किया गया।

शिविर में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, मोबाइल क्रेचेज और लोक आस्था संस्था समेत पार्षदगण अश्वनी निषाद, शंकर देव, अल्का साहू, मिक्की गुप्ता, देवश्रण साहू, राजा पवार व महिला बाल विकास विभाग के सभी सुपरवाईजर व स्वास्थ्य विभाग के पैरामेडिकल स्टाफ का सहयोग रहा।

# तरसींवा सोसाइटी में 825 किसानों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



तरसींवा सोसाइटी में 1 फरवरी से दलहन-तिलहन की बिक्री के लिए पंजीयन जारी है। शाखा प्रबंधक केदारराम साहू ने बताया कि अब तक तरसींवा कोर्रा सहकारी समिति में दलहन तिलहन की बिक्री के लिए कुल 825 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। इसी प्रकार से क्षेत्र के अन्य सहकारी समितियों में दलहन-तिलहन बिक्री के लिए पंजीयन कार्य जारी है। शाखा प्रबंधक केदार साहू, चंद्रकुमार साहू कंप्यूटर ऑपरेटर, केशवराम साहू प्राधिकृत अधिकारी, कुलेश्वर साहू, विवेक हरि गोस्वामी , नीरज कुमार की ड्यूटी लगी है।

भीषण गर्मी और लगातार गिरते जल स्तर को देखते हुए किसान अब जागरुक हो गए हैं। फसल चक्र अपनाकर रबी सीजन में दलहन-तिलहन की खेती कर रहे हैं। किसान डोमार साहू, तुलेश्वर साहू, अशोक कुमार साहू ,सुरेश साहू, सुनील तिवारी, जितेंद्र साहू, दमयंती साहू, गुजरा सरपंच दुर्गेश्वरी साहू, यशवंत साहू, जुनवानी सरपंच धर्म साहू, पीपरछडी सरपंच नेमू साहू, होलार कोर्राम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोविंद साहू, अमरदीप साहू, दयालाल साहू ने सरकार मांग की है कि चना अलसी, अरहर, सरसों के अलावा तिवरा (लाखड़ी) की खरीदी की जाए।

## छाती समिति के 1655 किसानों को 5.84 करोड़ मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी




छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती के 1655 किसानों को अंतर राशि के रूप में लगभग 5 करोड़ 83 लाख 48 हजार रुपये सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किए गए। समिति के किसानों ने कुल 79,820 क्विंटल धान की बिक्री की थी, जिसके भुगतान की शेष अंतर राशि जारी होते ही किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई।

समिति प्रबंधक नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि केंद्र सरकार के सहकारिता मंत्री अमित शाह की सहकार से समृद्धि पहल के तहत सहकारी समितियां लगातार मजबूत हो रही हैं। समिति में दलहन एवं तिलहन का पंजीयन भी बड़ी संख्या में हो रहा है, जिससे किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ मिलेगा। आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए यूरिया और डीएपी खाद का पर्याप्त भंडारण भी किया जा रहा है।

## नागरिकों ने मिठाइयों व डेयरी उत्पादों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान चलाने कहा

# त्योहार से पहले अंचल में खाद्य सुरक्षा जांच की मांग तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

होली एवं आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए नगरी अंचल में खाद्य सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ाने की मांग तेज हो गई है। स्थानीय नागरिकों एवं उपभोक्ताओं ने खाद्य सुरक्षा विभाग से विशेष जांच अभियान चलाने का आग्रह किया है, ताकि बाजार में बिक रही मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

जानकारी के अनुसार नगरी अंचल सहित सिहावा, बेलर और सांकरा क्षेत्र की मिठाई दुकानों, किराना प्रतिष्ठानों एवं खाद्य निर्माण इकाइयों में त्योहारों के मद्देनजर बिक्री बढ़ गई है। कुछ उपभोक्ताओं ने आशंका जताई है कि बाजार में मिलावटी अथवा मानक से कम गुणवत्ता वाली मिठाइयां बिकने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। हालांकि किसी विशेष प्रतिष्ठान के विरुद्ध अब तक कोई आधिकारिक शिकायत या दंडात्मक कार्रवाई दर्ज नहीं हुई है।

नागरिकों ने विभाग से मांग की है कि विशेष रूप से पेड़ा, कलाकंद, मोतीचूर लड्डू, खोया, बर्फी, रसगुल्ला, मलाई पेड़ा एवं काजू कतली जैसी मिठाइयों के नमूने लेकर उनकी जांच की जाए। साथ ही पनीर, दूध, दही, नमकीन, आटा, बेसन आदि खाद्य सामग्रियों की भी गुणवत्ता परीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

उपभोक्ताओं ने प्रशासन से आग्रह किया है कि त्योहारों के दौरान शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने सख्त निगरानी रखी जाए और जहां भी नियमों का उल्लंघन पाए जाएं, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

विशेषज्ञों ने भी आम नागरिकों को सलाह दी है कि खुले में रखी एवं अत्यधिक रंगयुक्त मिठाइयों से परहेज करें। खाद्य सामग्री खरीदते समय उसका लेबल, निर्माण तिथि एवं उपयोग अवधि अवश्य जांच लें। किसी भी प्रकार की गुणवत्ता संबंधी शिकायत होने पर संबंधित विभाग को सूचित करने की अपील की है, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## फरसियां में ग्राम व्यवस्था समिति का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम फरसियां में ग्राम व्यवस्था समिति के विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष पद पर सुभाष कश्यप को निर्वाचित किया गया। सचिव पद की जिम्मेदारी प्रदीप सोन को सौंपी गई, वहीं उपाध्यक्ष पद पर भीम सिन्हा तथा कोषाध्यक्ष पद पर अजीत सिन्हा को चुना गया। इसी प्रकार उत्सव समिति के गठन में अध्यक्ष पद पर भारत लाल साहू, उपाध्यक्ष पद पर रामेश्वर कश्यप, सचिव पद पर युवराज निषाद, कोषाध्यक्ष पद पर राकेश कश्यप एवं सह सचिव पद पर किशुन यादव को दायित्व सौंपा गया। देव समिति के अध्यक्ष पद पर सिन्हा तथा उपाध्यक्ष पद पर कोमल ध्रुव को सर्वसम्मति से चुना गया।

## अंचल की खबरें

### सोनकर समाज की महिलाओं ने मनाया होली मिलन समारोह



**धमतरी।** सोनकर समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक गीत-संगीत, अबीर-गुलाल और आपसी मिलन के साथ होली की खुशियां साझा कीं। समारोह में संरक्षक एवं महिला प्रदेश अध्यक्ष यशोदा सोनकर, जिला अध्यक्ष अनीता सोनकर, उपाध्यक्ष रुक्मणि सोनकर, सीमा सोनकर, सचिव डॉ. सरिता सोनकर समेत गणेशी सोनकर, रश्मि सोनकर, हेमलता सोनकर, चंचल, नंदनी, सरस, लक्ष्मी सोनकर, बेनी, उत्तरा, दामिन, दीप्ति सोनकर, उमेश्वरी, यामिनी, शीतल, अंजनि, ज्योति, दीपमाला सहित सोनकर समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण और समाज की एकता को सुदृढ़ करना रहा।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के शपथ ग्रहण में शामिल हुए जिले के युंकाई



**धमतरी।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ का नई दिल्ली स्थित 5 रायसीना रोड कार्यालय में शपथ ग्रहण एवं संकल्प सभा का आयोजन हुआ। समारोह में देशभर से आए कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। धमतरी जिला अध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में जिले के 30 से अधिक पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। शपथ ग्रहण के बाद विनोद जाखड़ ने छात्र हितों, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संगठित संघर्ष का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई छात्र अधिकारों की आवाज को और मजबूती से उठाएगी। इस दौरान राजा देवांगन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी और धमतरी जिले की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सुदीप सिन्हा, तेजप्रकाश साहू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अशासकीय विद्यालय संचालक संघ की बैठक में कई मांगों पर हुई चर्चा





**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ की प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक शनिवार को रायपुर में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश के 15 जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी ने पिछले एक वर्ष की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि निजी विद्यालयों के हित में निरंतर प्रयासों से आरटीई प्रतिपूर्ति राशि दीपावली से पहले दिलाई गई। उन्होंने आरटीई प्रतिपूर्ति में वृद्धि, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार तथा कक्षा 5वीं व 8वीं में बोर्ड परीक्षा लागू होने को उपलब्धि बताया और पास-फेल प्रणाली लागू करने की मांग दोहराई। बैठक में आरटीई प्रवेश नियमों में संशोधन, दूरी पात्रता हेतु निवास प्रमाण पत्र, ई-केवाईसी व आधार अनिवार्यता, बोर्ड परीक्षा शुल्क वृद्धि निरस्त करने तथा समय पर प्रतिपूर्ति भुगतान की मांग रखी गई। मौके पर सचिव मनोज पाण्डेय, उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हेमचंद यादव विवि में उपन्यासकार किशन के व्यक्तित्व व कृतित्व पर होगा शोध

**धमतरी।** समीपस्थ ग्राम देमार निवासी एवं छत्तीसगढ़ के चर्चित दलित उपन्यासकार किशन लाल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अकादमिक शोध कार्य किया जाएगा। शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई (दुर्ग) के छात्र संजय द्वारा इस विषय पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में विधिवत पंजीयन कराया गया है। किशन लाल ने हिंदी साहित्य में एमए तथा बीएड की शिक्षा प्राप्त कर साहित्य सृजन की शुरुआत कविता लेखन से की। शिक्षक और पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने के पश्चात उन्होंने उपन्यास लेखन में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। चर्मकार समाज पर केंद्रित उनका चर्चित उपन्यास किधर जाऊं उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने में सफल रहा, जबकि चींटियों की वापसी ने हिंदी साहित्य जगत में उन्हें स्थापित किया। उनकी रचनाओं में छत्तीसगढ़ी संस्कृति, लोकजीवन, परंपराओं और कहावतों का सजीव चित्रण मिलता है, जिससे वे पाठकों के बीच लोकप्रिय हैं। विश्वविद्यालय स्तर पर होने वाला यह शोध कार्य उनके साहित्यिक योगदान को नई दिशा देगा तथा छत्तीसगढ़ के दलित साहित्य को अकादमिक जगत में सशक्त स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### असम राइफल्स में चयनित तुलसी का धोबी समाज ने किया सम्मान



**नगरी।** असम राइफल्स में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली कुमारी तुलसी निर्मलकर को उनके गृह ग्राम खरेंगा (जिला धमतरी) पहुंचकर धमतरीराज धोबी समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने शुभकामनाएं दीं। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि तुलसी निर्मलकर की यह उपलब्धि पूरे समाज एवं क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनकी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर धोबी समाज के अध्यक्ष भरत निर्मलकर, सचिव धीरज निर्मलकर, कोषाध्यक्ष सुकालू निर्मलकर, सहसचिव दिनेश निर्मलकर सहित रामकुमार निर्मलकर, रेखू निर्मलकर एवं अन्य समाजजन उपस्थित थे।

### महापौर ने किया अधारी नवागांव में हाईस्कूल भवन का लोकार्पण

**धमतरी।** अधारी नवागांव वार्ड स्थित शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में नवनिर्मित शासकीय हाईस्कूल भवन का लोकार्पण एवं वार्षिक उत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा रहे। अध्यक्षता वार्ड पार्षद तल्लीनपुरी गोस्वामी ने की। महापौर ने फीता काटकर व शिलापट्ट का अनावरण कर भवन का लोकार्पण किया।

### असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने की दी चेतावनी

# होली और रमजान को लेकर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरूद में आगामी होली, रमजान के त्योहार को सौहार्द्रपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से स्थानीय प्रशासन ने रविवार को जनपद पंचायत कुरुद के सभागार में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक का आयोजन राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था, ताकि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने स्पष्ट किया कि त्योहार के रंग में भंग डालने वाले गुंडा-बदमाशों और असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अवैध शराब, भांग, गांजा और नशीली गोलियों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए।

नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने बैठक में अपनी बात रखते हुए नागरिकों से एक विशेष अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम का प्रतीक है, इसलिए सभी को भेदभाव, वैमनस्य और जात-पात की भावना से ऊपर उठकर एक-दूसरे के साथ प्यार से होली का त्योहार मनाना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से गुजारिश की कि वे प्राकृतिक गुलाल का ही उपयोग करें और कीचड़, ग्रीस या पेंट जैसी चीजों का प्रयोग न करें जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे।

बैठक में मौजूद तहसीलदार सूरज बंछोर, टीआई चंद्रकांत साहू सहित अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी इस बात पर जोर दिया कि सड़क के बीच होली न जलाई जाए और डीजे बजाने में ध्वनि सीमा का ध्यान रखा जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि हुड़दंगियों और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रशासन का चाबुक चलेगा, ताकि क्षेत्र में अमन-चैन कायम रहे।

## जंगल में शिकार और आगजनी करने वाले तीन कमार गिरफ्तार

- खरगोश, सुअर का फंदा, माचिस का डिब्बा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में अवैध शिकार के मामले में ओडिशा के तीन लोगों को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन अमला द्वारा अवैध शिकार एवं आगजनी की घटना की रोकथाम के लिए सघन सर्चिंग की जा रही है। इसी दौरान दक्षिण उदंती के बंजारी बाहरा बीट कक्ष क्रमांक 21 में अवैध शिकार के उद्देश्य से जंगल में आग और फंदा लगाते हुए ओडिशा के जयलाल कमार, धनसिंग कमार, रायसिंग कमार को मौके पर पड़का गया। आरोपियों के पास से पांच नग खरगोश फंदा, एक कुल्हाड़ी, दो सुअर फंदा, दो माचिस डिब्बा जब्त किया गया है। पूछताछ करने पर सभी ने अवैध रूप से वन्य प्राणियों का शिकार करने का अपराध कबूला। तीनों आरोपियों पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद के आदेश पर आरोपियों को 14 दिन के रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

## लिमतरा में आज फाग सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्रीराम हिंदू संगठन एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम लिमतरा के अनुराग मानस मंच शीतलापारा में आज सोमवार को चार बजे से फाग गीत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। पारारास, मोहंदी, परसतराई , अर्जुंदी की मंडली प्रस्तुति देगी। कार्यक्रम की तैयारी में पंचूराम साहू, रविशंकर, नेकराम, महेंद्र, टेकराम, राजेश, रामकुमार, पंकज, नेमू, प्रेमलाल, अजय, खुमान, धरमवीर समेत अन्य ग्रामीण जुटे हैं।

## होली की मस्ती में घुली मिठास, बाजारों में हरवा माला की बिक्री



- धार्मिक आस्था और परंपरा की प्रतीक है हरवा माला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

होली पर्व की तैयारियां शहर में जोरों पर हैं। 2 मार्च से आरंभ हो रहे रंगों के इस महापर्व को लेकर बाजार रंग, गुलाल, पिचकारी और नगाड़ों की थाप से गूंजने लगा है। इसी उत्सवधर्मी माहौल में गले में पहनने वाली पारंपरिक हरवा माला की बिक्री भी तेज हो गई है। शक्कर की चासनी से तैयार यह माला शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजारों में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। हरवा माला विक्रेता अश्वनी कश्यप धमतरी निवासी ने बताया कि इस वर्ष हरवा माला 200 प्रति किलो की दर से बिक रही है, वहीं नग के हिसाब से एक माला 20 में उपलब्ध है। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक में इसकी खास मांग देखी जा रही है। लोग इसे उत्साह के साथ खरीदकर होली की खुशियों में शामिल कर रहे हैं।

**यह है धार्मिक मान्यता**

मान्यता है कि होली के दिन हरवा माला पहनने से आपसी प्रेम, मिठास और सौहार्द्र बढ़ता है। यह बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक मानी जाती है और पर्व को पवित्रता के साथ मनाने का संदेश देती है। शहर का बाजार इन दिनों रंगों और परंपराओं की मिठास से सराबोर नजर आ रहा है।

## 62 वर्षों की सेवा के बाद लाइन इंस्पेक्टर हुए सेवानिवृत्त, जुलूस निकालकर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)

- शॉल, श्रीफल भेंटकर किया गया सम्मान

छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी कुकरेल में लाइन इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ रामगोपाल साहू 28 फरवरी 2026 को 62 वर्षों की सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर सहकर्मियों द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

श्री साहू वर्ष 1988 से विद्युत विभाग में सेवाएं दे रहे थे। अपने लंबे कार्यकाल में उन्होंने विभागीय कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और क्षेत्र में बिजली संबंधी किसी भी समस्या पर तत्परता से उपस्थित रहते थे। उनके सरल स्वभाव और समर्पित कार्यशैली के कारण विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्षेत्रवासियों से उनका आत्मीय जुड़ाव बना रहा।

कार्यक्रम में कनिष्ठ अभियंता राजेंद्र साहू, मुकेश साहू, सोमप्रकाश धीवर, मनोज कुमार साहू, महेश पटेल, भरत, प्रेमलाल साहू, तेजेंद्र साहू, फुलेश साहू, हिमन मानकर, कुलेश्वर कस्तूरे, देवानंद दर्रो सहित क्षेत्र के करण चंद्राकर, ओंकार नेताम, दुलार सिंह राजपूत, कमल नारायण सिन्हा, गोकुल नेताम, गौतम साहू शामिल हुए। कुकरेल से धमतरी तक आतिशबाजी और जुलूस निकालकर उन्हें सम्मानपूर्वक घर तक विदाई दी गई। उपस्थित जनों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके समर्पण और उत्कृष्ट सेवाओं को सदैव स्मरणीय बताया।

## सिवनीकला में दूसरे चरण में 24 हितग्राहियों को मिला निःशुल्क गैस कनेक्शन

- प्रथम चरण में 150 हितग्राही हुए लाभान्वित, 367 रूपये मिलती है हर सिलेंडर में सब्सिडी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



ग्राम सिवनीकला में प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत एक साथ दर्जनों हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। प्रथम चरण में 30 जनवरी को गांव के चम्पेश्वर पारा में सभी पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क एलपीजी गैस का कनेक्शन वितरित किया गया। ये गैस कनेक्शन परिवार की महिला मुखिया के नाम पर जारी किए जा रहे हैं। प्रथम चरण में सिवनीकला में 150 पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन मिलने से हितग्राहियों में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं द्वितीय चरण में 1 मार्च को ग्राम सिवनीकला में 24 हितग्राहियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन का लाभ मिला। इस योजना में लगभग 367 रूपये की सब्सिडी भी हितग्राहियों को दी जा रही है। सिलेंडर रिफिल कराने में भी पैसे की बचत भी हो रही है और कम दाम पर सिलेंडर उपलब्ध हो पा रहा है।

सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, टकेश्वर चंद्राकर, टेकराम साहू जनपद सदस्य, चंद्रप्रकाश साहू, सुशील साहू ने बताया कि भाजपा सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ गांव के सभी पात्र परिवारों को जमीनी स्तर पर मिल सके। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इस योजना से ग्रामीणों को अवगत कराया और पात्र परिवारों को लाभान्वित कराने लगातार प्रयास किए। परिणामस्वरूप प्रथम चरण में ग्राम सिवनीकला के 150 परिवारों और द्वितीय चरण में 24 परिवारों को प्रधानमंत्री उज्वला योजना का लाभ मिल पाया। हितग्राहियों ने निःशुल्क गैस कनेक्शन प्राप्त कर मोदी सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अलावा और भी पात्र हितग्राहियों को 1 माह बाद तीसरे चरण में निःशुल्क गैस सिलेंडर वितरित किया जायेगा। मौके पर दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, टेकराम जनपद सदस्य, लता जीतेश्वर सरपंच, दीपदान साहू उपसरपंच, चंदप्रकाश साहू अध्यक्ष सिवनीकला सोसायटी, कपिल पटेल, पुरूषोत्तम पटेल, सुरेश साहू पंच, राजकुमार सेन, बीजू तारक, कुंजीलाल साहू, सुरेश साहू, किशोर साहू, सरस साहू पंच, राधिका पटेल पंच उपस्थित रहे।

**द्वितीय चरण में ये हुए लाभान्वित**

मालती पटेल, तृप्ति पटेल, केसर विश्वकर्मा, योगेश्वरी साहू, कौशल्या तारक, धर्मिन तारक, विनीता तारक, यशोदा कुर्रे, मीनाक्षी साहू, जमुना साहू, त्रिवेणी साहू, सुषमा कुर्रे, लता कंसारी, किरण कोसरे, ओम कुमारी धीवर, मंजू पाल, कंवर कुर्रे, हिना ढीमर, भारती साहू,खिलेश्वरी साहू समेत अन्य हैं।

## छोटेलाल श्रीवास्तव की जयंती मनाई गई

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कंडेल नहर सत्याग्रह के प्रणेता एवं विख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की जयंती मनाई गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक द्वारा महाविद्यालय परिसर स्थित बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर देश की आजादी के लिए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया गया। इस अवसर पर बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव पर परिचर्चा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रथम संकेत साहू (एमए इतिहास द्वितीय सेमेस्टर), द्वितीय सरोजनी नेताम (एमएससी प्राणीशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर) एवं तृतीय तुलसी टेकाम (एमएससी प्राणीशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर) रही। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कृष्ण कुमार देवांगन द्वारा किया गया। निर्णायक प्रो. ग्रेस कुजूर, सहायक प्राध्यापक जयश्री पंचांगम, सहायक प्राध्यापक डॉ.डीआर टंडन उपस्थित थे।

# एक साल में महापौर ने 144 कार्यों से रचा नया इतिहास

- 244.82 करोड़ की रिकॉर्ड स्वीकृति, रामू रोहरा के विज़न से बदली धमतरी की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में नगर निगम ने बीते एक वर्ष में विकास की ऐसी इबारत लिखी है, जो शहर के इतिहास में मील का पत्थर बन गई है। महज एक साल के कार्यकाल में 244.82 करोड़ रुपये की लागत से 144 विकास कार्यों की स्वीकृति मिलना धमतरी के लिए अब तक का सबसे बड़ा विकास पैकेज माना जा रहा है।

महापौर श्री रोहरा के सशक्त नेतृत्व और स्पष्ट विज़न से धमतरी को आधुनिक, सुव्यवस्थित और नागरिक सुविधाओं से युक्त शहर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठे हैं। हाईटेक बस स्टैंड, ऑडिटोरियम सह-व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, विद्यार्थियों के लिए नालंदा परिसर, इंडोर स्टेडियम में मल्टीपरपज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और कांटा तालाब में आकर्षक चौपाटी जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिली है।

इसके साथ ही शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली सड़कों का चौड़ीकरण व डामरीकरण, बीटी रोड और सीसी रोड निर्माण, नालियों, पुल-पुलियों, रेनवॉटर हार्वेस्टिंग, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, आवास निर्माण और वार्ड स्तर पर मरम्मत व सौंदर्यीकरण के सैकड़ों कार्य स्वीकृत किए गए हैं। सभी 40 वार्डों में संतुलित विकास पर विशेष जोर दिया गया है।

महापौर रामू रोहरा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा और सांसद रूपकुमारी चौधरी के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि यह तो शुरुआत है, आने वाले वर्षों में धमतरी को प्रदेश के मॉडल शहर के रूप में स्थापित किया जाएगा।

नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों ने इस एक वर्ष को धमतरी के विकास का स्वर्णिम काल बताते हुए महापौर रोहरा को मजबूत और दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक बताया है।

# आधुनिकता के दौर में होली की परंपराएं पड़ रहीं फीकी







हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी/भखारा

रंगों के पर्व होली को अब कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन फाल्गुन मास की वह पारंपरिक रौनक इस बार नजर नहीं आ रही है। जहां कभी फाग गीतों की मधुर गूंज और नगाड़ों की थाप से गांव-गांव का माहौल सराबोर रहता था, वहीं अब सन्नाटा पसरा है। अधिवक्ता थानेश्वर साहू एवं तिजेन्द्र कुमार का कहना है कि आधुनिकता के इस दौर में परंपराएं तेजी से दम तोड़ती दिखाई दे रही हैं।

भखारा में नगाड़ा व्यापारी गांव के चौक-चौराहों पर दुकान सजाकर बैठे हैं, लेकिन बिक्री शुरू नहीं हो पाई है। व्यापारियों के अनुसार बीते चार-पांच वर्षों से नगाड़ों की मांग लगातार घट रही है। पहले होली के पखवाड़े भर पहले से बिक्री शुरू हो जाती थी, पर अब केवल होलिका दहन के दिन ही कुछ लोग शौकवश नगाड़ा खरीदने पहुंचते हैं।

व्यापारियों का कहना है कि पुश्तैनी पेशा होने के कारण वे इस काम से जुड़े हैं, लेकिन महंगाई और घटती ग्राहकी के चलते गुजारा मुश्किल हो गया है। पहले जहां होली से सप्ताह भर पहले ही नगाड़ों की थाप गूंजने लगती थी, वहीं इस बार फिजां में न फाग का रंग है और न ही उत्सव का जोश।

# प्राचार्य मंच ने शिक्षाविद संजय को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दोनर के प्रभारी प्राचार्य व संकुल प्राचार्य के रूप में कार्यरत संजय चंद्राकर का हृदयाघात से 28 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया। वे भौतिक शास्त्र के व्याख्याता थे। वर्तमान में वे बोर्ड परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार में केंद्राध्यक्ष भी थे। उनके निधन से शिक्षा विभाग में शोक व्याप्त है। प्राचार्य मंच जिला धमतरी ने इसे अपूरणीय क्षति बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों में जिला अध्यक्ष टीआर नागवंशी, जिला सचिव गेवाराम नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष रामानंद साहू, प्रतिमा साहू, किशोरकुमार साहू, केशव कुमार साहू, बी मैथ्यू, शैलजा पांडे, पूनम पांडे, रविंद्र साहू, राजकुमार शर्मा, देवनाथ साहू, राहुल नेताम, नवीन खरे, सीडी रात्रे, नंदकिशोर साहू, एलके उपाध्यय, एनके गजेंद्र, माखनलाल साहू, नमिता तिवारी, कन्हैयालाल साहू, पीआर साहू, शंकरलाल देवांगन, कैलाश चंद्र महोबिया, नरेश पटेल, कुलेश्वर प्रसाद साहू, मनमोहन दास, चंद्राकर मैडम, टोमिन साहू, वीपी चंद्रा, अनिभा अग्रवाल, धीरज देवांगन, एनआर शांडिल्य, नूतन चंद्राकर, लक्ष्मीकांत शर्मा, वीपी ठाकुर शामिल हैं।

## छात्र संगठन ने चंद्रशेखर आजाद को किया याद

**धमतरी।** युवा संगठन एआईडीवायओ और छात्र संगठन एआईडीएसओ द्वारा कुरूद के कारगिल चौक में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत युवा संगठन के जिला प्रभारी जितेन्द्र साहू ने आज़ादजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। विनय यादव ने उनके जीवन प्रसंग को याद करते हुए बताया कि असहयोग आंदोलन के दौरान 15 वर्षीय बालक के रूप में गिरफ्तार किए जाने पर मजिस्ट्रेट के सामने उन्होंने अपना नाम आज़ा', पिता का नाम स्वाधीनता और पता जेलखाना बताया, जिसके बाद उन्हें 15 बेंतों की सजा दी गई। जिला अध्यक्ष डारेंद्र कुमार ने कहा कि संगठन स्कूल, कॉलेज और गांवों में महान क्रांतिकारियों को याद कर युवाओं को प्रेरित करता है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जितेंद्र ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री नियुक्त



**डांडेसरा(धमतरी)।** जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा के शीर्ष नेतृत्व ने जितेन्द्र कुमार पटेल को जिला महामंत्री नियुक्त किया है। उन्होंने किरणदेव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, पवन साय भाजपा संगठन महामंत्री, जिला संगठन प्रभारी किरण बघेल, रंजना साहू भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, जगदीश रोहरा महापौर धमतरी, प्रीतेश गांधी प्रदेश भाजपा सहकार्यालय प्रभारी, इंदरचंद चोपड़ा पूर्व विधायक, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस समेत कई वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा मुझ पर जो विश्वास जताया गया है, मैं उस पर खरा उतरूंगा और जिले में ओबीसी समाज को सशक्त बनाने और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करूंगा। उनकी इस नियुक्ति पर हेमंतमाला पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, तेजराम साहू पूर्व उपाध्यक्ष, ज्योति साहू नपं अध्यक्ष, कोमल यादव उपाध्यक्ष, उमानंद कुंभकार सभापति, किशोर कुंभकार भाजपा नगर अध्यक्ष, त्रिभुवन मटियारा समेत अन्य ने हर्ष जताया है।

### आज कुरूद में हास्य कवि सम्मेलन रसरंग का आयोजन





**कुरूद।** इस वर्ष भी वंदेमातरम परिवार द्वारा होली की पूर्व संध्या पर 2 मार्च को हास्य कवि सम्मेलन रसरंग 2026 का आयोजन किया जा रहा है। खेल मैदान में शाम 7 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में देश के ख्यातिप्राप्त हास्य कवि अपनी चुटीली रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाएंगे। आयोजक समिति के अनुसार यह आयोजन अपनी गौरवशाली परंपरा के 21वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। कार्यक्रम में पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा, प्रसिद्ध हास्य कवि अरुण जैमिनी और मीर अली मीर मुख्य आकर्षण होंगे। क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर वंदेमातरम परिवार ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। वंदेमातरम परिवार के अध्यक्ष भानु चंद्राकर ने बताया कि कार्यक्रम के लिए मंच सज्जा, अतिथि सत्कार और दर्शकों के बैठने की व्यवस्था को लेकर समिति ने बैठक कर दायित्वों का बंटवारा किया है। उन्होंने कुरूद और आसपास के क्षेत्र के नागरिकों से कवि सम्मेलन का आनंद उठाने की अपील की है।

### धान का बोनस मिलने से किसानों में हर्ष : शैलेश

**गीदम।** छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को होली से पहले धान बोनस की राशि एक मुस्त देने पर पूरे प्रदेश के किसानों में हर्ष का माहौल है। छत्तीसगढ़ भाजपा किसान मोर्चा ने सरकार के इस स्वागत योग्य निर्णय लेकर कार्य करने पर आभार जताया है। छत्तीसगढ़ किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश अटामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नत योजना के तहत धान के मूल्य अंतरराशि के रूप में 731 रुपए से लगभग दस हजार करोड़ रुपए से भी अधिक राशि सीधे किसानों के खातों में राशि ट्रांसफर किया गया जो की पूरे भारत वर्ष में सर्वाधिक है।

### मॉडिफाइड साइलेंसर वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**गीदम।** नगर में लगातार बढ़ रही तेज रफ्तार बाइक एवं फटी मॉडिफाइड साइलेंसर वाली गाड़ियों की समस्या को लेकर थाना प्रभारी को युवा कांग्रेस द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया कि नियमों की अनदेखी कर चलाए जा रहे ऐसे वाहन आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं तथा ध्वनि प्रदूषण के कारण वातावरण भी प्रभावित हो रहा है।

भाजपा प्रदेश मंत्री ने जिला कार्यालय में छग सरकार के बजट पर ली प्रेसवार्ता

# छग का बजट राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : अमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भाजपा जिला कार्यालय में छत्तीसगढ़ सरकार के बजट को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू ने बजट को विकास, रोजगार और जनकल्याण को नई दिशा देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट समावेशी विकास, मजबूत आधारभूत संरचना, निवेश और रोजगार सृजन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यह बजट नरेंद्र मोदी के विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ के विजन के अनुरूप तैयार किया गया है।

प्रदेश मंत्री अमित साहू ने कहा कि राज्य सरकार मिशन मोड में कार्य करते हुए मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन, मुख्यमंत्री एआई मिशन, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन, मुख्यमंत्री स्टार्टअप मिशन और मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन प्रारंभ कर रही है। इन मिशनों से प्रदेश के आर्थिक व सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी।

उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में 13.5 प्रतिशत बजट का प्रावधान किया गया है, जो अब तक का सर्वाधिक है। बस्तर के अबूझमाड़ और जशपुर में एजुकेशन सिटी की स्थापना की जाएगी। सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए कैशलेस उपचार सुविधा तथा औद्योगिक विकास हेतु 23 नए औद्योगिक पार्कों के लिए 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

कृषि क्षेत्र के लिए 13,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है और किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी अंतर राशि का भुगतान जारी रहेगा। बस्तर व सरगुजा के विकास के लिए विशेष बजट, इंद्रावती नदी पर देवरगांव व मटनार बैराज निर्माण, बस्तर फाइटर में 1500 नई भर्तियां, होम स्टे योजना, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, मेडिकल कॉलेज, बस सेवा और ओलंपिक आयोजन का भी प्रावधान किया गया है, अमित ने इस बजट के लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी की प्रशंसा की ।

प्रेसवार्ता में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शुभांक मिश्रा, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शुभम जायसवाल, रोहिताश मिश्रा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय साहू सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वर्षों से खतरे का कारण बना दर्री का ट्रांसफार्मर हटेगा





- प्रीतेश गांधी के प्रयास से ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दर्री गांव के मुख्य चौक पर वर्षों से लगा ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के लिए गंभीर खतरे का कारण बना हुआ था। चौक के पास ही स्कूल, सार्वजनिक सामुदायिक भवन और विभिन्न सामाजिक-शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। सड़क और चौक के सीमेंटकरण के बाद ट्रांसफार्मर की ऊंचाई कम हो गई थी और वह लगभग जमीन के समीप आ गया था, जिससे बच्चों और आमजन के लिए हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। पूर्व में यहां कई छोटी-बड़ी घटनाएं भी हो चुकी थीं। ग्रामीण लंबे समय से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से इसे हटाने की मांग कर रहे थे, लेकिन फंड की कमी का हवाला देकर मामला टलता रहा।

जब इस समस्या से भाजपा प्रदेश सह-कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी को अवगत कराया गया, तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया। ग्रामीणों के साथ वे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित सहयोग केंद्र कार्यक्रम में पहुंचे। वहां जनपद सदस्य गीतेश्वरी साहू, सरपंच हिमांशु शेखर साहू, उपसरपंच निरंजन साहू एवं ग्राम समिति के अध्यक्ष सहित ग्रामवासियों ने प्रभारी मंत्री टंक राम वर्मा के समक्ष पूरी स्थिति रखी।

श्री गांधी के प्रभावी हस्तक्षेप और सतत फॉलोअप के बाद सहयोग केंद्र में तत्काल संज्ञान लिया गया और कलेक्टर को ट्रांसफार्मर शीघ्र स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने तेजी दिखाते हुए विद्युत विभाग के माध्यम से ट्रांसफार्मर हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नए खंभे गाड़े जा चुके हैं और जल्द ही स्थानांतरण पूर्ण होने की संभावना है।

ग्रामीणों ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि वर्षों से लंबित समस्या का समाधान प्रीतेश गांधी की सक्रिय पहल और प्रतिबद्धता से संभव हो सका है। उन्होंने उनके प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि अब बच्चों एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

## मोमेंटो और प्रमाण-पत्र पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

- कॉम्पटेक महाविद्यालय में होनहार छात्रों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





कॉम्पटेक महाविद्यालय सोरिद नगर में बीते दिनों एक कार्यक्रम आयोजित कर शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले, संस्था और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा मोमेंटो और प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। संस्था के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि इन युवाओं ने न केवल अपनी प्रतिभा को साबित किया है, बल्कि पूरे धमतरी जिले का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर बीसीए, बीकॉम, बीएससी और पीजीडीसीए के विद्यार्थी उपस्थित रहे। विदाई समारोह के दौरान कनिष्ठ विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। गीतों, नृत्यों और नाटकों के सफल संचालन एवं प्रस्तुतीकरण की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की।

महाविद्यालय में आयोजित स्पोर्ट्स बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी, शतरंज, रस्साकसी,कुर्सी दौड़ में विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर डॉ. आशीष नामदेव, डॉ. रीना नामदेव, संजय जगताप, सीमा सोनी एवं केदार सिंह सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि इन होनहारों ने संस्था और अपने पालकों का नाम रोशन किया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सामुदायिक भवनों का होगा सुव्यवस्थित संचालन

- महापौर के मार्गदर्शन में हुई एमआईसी की बैठक में प्रस्ताव पारित
- वार्ड स्तर पर गठित होंगी समितियां, आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर जारी हुआ आदेश







हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महापौर रामू रोहरा के मार्गदर्शन में आयोजित नगर निगम की एमआईसी बैठक में सामुदायिक एवं सांस्कृतिक भवनों के सुव्यवस्थित संचालन और संधारण से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। इसके पश्चात नगर पालिक निगम द्वारा वार्डों में निर्मित सामुदायिक भवनों के संचालन को लेकर औपचारिक आदेश जारी किया गया है।

नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देशानुसार अब प्रत्येक वार्ड में समिति गठित कर सामुदायिक एवं सांस्कृतिक भवनों का संचालन किया जाएगा। निगम का उद्देश्य भवनों के उपयोग में पारदर्शिता, अनुशासन और जनसुविधा सुनिश्चित करना है।

जारी आदेश के अनुसार वार्ड पार्षद की अध्यक्षता में समिति गठित होगी, जिसमें सचिव, पार्षद द्वारा नामांकित सदस्य तथा वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों को शामिल किया जाएगा। यह समिति सामुदायिक भवनों की संपूर्ण देखरेख, साफ-सफाई, नियमित संधारण, विद्युत देयक भुगतान, साधारण मरम्मत, रंगाई-पुताई तथा सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाएगी। भवनों में होने वाले सामाजिक, सांस्कृतिक, वैवाहिक एवं अन्य आयोजनों की अनुमति भी समिति द्वारा दी जाएगी।

आयुक्त प्रिया गोयल ने स्पष्ट किया है कि आयोजनों से प्राप्त शुल्क का उपयोग केवल भवन के रखरखाव, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा स्थापना तथा आवश्यक संधारण कार्यों में ही किया जाएगा। समिति को आय-व्यय का समुचित लेखा-जोखा संधारित करना होगा तथा मासिक ऑडिट कराना अनिवार्य रहेगा, जिससे वित्तीय पारदर्शिता बनी रहे।

किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में पहले समिति स्तर पर समाधान किया जाएगा, आवश्यक होने पर आयुक्त नगर पालिक निगम का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। भवनों में असामाजिक गतिविधियों, नशा एवं अवैध कृत्यों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा कोलाहल अधिनियम व प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

## लेखराम ने राज्यसभा सदस्य के लिए दावेदारी प्रस्तुत की

- राजधानी में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ किसान नेता एवं अखिल भारतीय कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के समन्वयक लेखराम साहू ने वर्ष 2026 के राज्यसभा चुनाव के लिए राजधानी में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से औपचारिक भेंट कर सांसद प्रत्याशी के रूप में अपनी दावेदारी पेश की।

श्री साहू ने कहा कि यह दावेदारी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं, बल्कि संगठनात्मक निरंतरता और किसान, पिछड़ा वर्ग के न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व से जुड़ा विषय है। उन्होंने स्मरण कराया कि 2018 में कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा का अधिकृत प्रत्याशी बनाया था, पर संख्यात्मक मजबूरी के चलते पराजय हुई। अप्रैल 2026 में छत्तीसगढ़ से दो राज्यसभा सीटें रिक्त होने जा रही हैं। ऐसे में कांग्रेस के लिए यह चुनाव सामाजिक संदेश देने का अहम अवसर है। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान प्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छग क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना

## खेल संघों व क्लबों को मिलेंगी आधुनिक खेल सामग्रियां

कलेक्टर, आयुक्त और एसडीएम के समन्वित प्रयास से खिलाड़ियों को मिलेगा मजबूत संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम धमतरी को विविध खेलों की आधुनिक खेल सामग्रियां प्राप्त हुई हैं, जिन्हें शीघ्र ही जिले के खेल संघों एवं क्लबों को प्रदान किया जाएगा। इससे खिलाड़ियों के अभ्यास, प्रशिक्षण और प्रदर्शन स्तर में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद है।

इस उपलब्धि के पीछे अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन और दूरदर्शी सोच की अहम भूमिका रही। कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम स्तर पर खेल प्रशिक्षकों की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न खेलों के लिए आवश्यक सामग्रियों की जानकारी संकलित की गई। इसके आधार पर खेल विभाग से मांग भेजी गई, जिसे स्वीकृति मिलने के बाद अब सामग्री प्राप्त हो सकी है।

आयुक्त प्रिया गोयल ने कहा कि आज युवाओं को सकारात्मक दिशा देना अत्यंत आवश्यक है। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास करते हैं, बल्कि अनुशासन और नेतृत्व की भावना भी पैदा करते हैं। उन्होंने बताया कि खेल प्रशिक्षकों से संवाद कर वास्तविक जरूरतों के अनुसार सामग्री की मांग की गई, ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास के दौरान किसी प्रकार की कमी महसूस न हो।

इस पूरी प्रक्रिया में पीयूष तिवारी की भूमिका भी निर्णायक रही। खेल विभाग से स्वीकृति दिलाने और सामग्री प्राप्त कराने में उनके सतत प्रयास सराहे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब इन संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित कर खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा।

प्राप्त खेल सामग्रियों में कुश्ती मैट, वेटलिफ्टिंग प्लेट व रॉड, डंबल, केटल बेल, कराते एवं बॉक्सिंग से जुड़ी सुरक्षा सामग्री, कबड्डी मैट, हर्डल, पुशअप बार सहित अनेक उपकरण शामिल हैं। इन सामग्रियों के मिलने से जिले के खिलाड़ी बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

खेल संघों, प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों ने इस पहल के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, निगम आयुक्त प्रिया गोयल और एसडीएम पीयूष तिवारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे धमतरी के खेल भविष्य के लिए मील का पत्थर बताया है।

## मृत विकलांग की पत्नी को जीपीएफ की राशि दिलाने की मांग

**धमतरी।** धमतरी जिले के एक छोटे से गांव के दिव्यांग शासकीय कर्मचारी की मृत्यु के 41 वर्ष बाद भी उनकी पत्नी को जीपीएफ की राशि और पारिवारिक पेंशन नहीं मिल पाने का मामला सामने आया है। पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर विधवा को न्याय दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार संबंधित कर्मचारी बैसाखी के सहारे गांव-गांव जाकर किसानों के पशुधन, हल जोतने वाले बैलों और बकरियों का उपचार करते थे। उन्होंने बस्तर संभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपनी सेवाएं दीं। वे दिसंबर 1984 तक शासकीय सेवा में रहे और वेतन प्राप्त करते रहे। जन्मतिथि के आधार पर वे 1986 तक सेवा में रह सकते थे, किंतु अंतिम 16 माह कार्य पर उपस्थित नहीं पाए गए। दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने 23 नवंबर 1997 तक जीवित रहते हुए विभागीय अधिकारियों और महालेखाकार कार्यालय, ग्वालियर (मध्यप्रदेश) के चक्कर काटे, ताकि उनके जीपीएफ की जमा राशि मिल सके। परंतु जीवनकाल में न विभाग से सहायता मिली और न ही लेखा कार्यालय से राहत। मृत्यु के समय उनकी पत्नी मात्र 37 वर्ष की थीं। एक पुत्र और एक पुत्री के पालन-पोषण के लिए उन्होंने मजदूरी कर जीवनयापन किया। अब 65 वर्ष की आयु में भी वे पारिवारिक पेंशन और लंबित जीपीएफ राशि की अधिकारी होते हुए दर-दर भटक रही हैं। महानदी मंत्रालय भवन में एक महिला अधिकारी के संज्ञान में मामला आने के बाद पहल शुरू हुई है। संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से शीघ्र निराकरण की मांग की गई है।

## सीए आयुष अध्यक्ष व एडवोकेट मनीष सचिव निर्वाचित

- इनकम टैक्स बार एसोसिएशन धमतरी की नई कार्यकारिणी गठित

**धमतरी।** इनकम टैक्स बार एसोसिएशन धमतरी की वर्ष 2026-28 की नई कार्यकारिणी का गठन 28 फरवरी को सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में अध्यक्ष पद पर सीए आयुष माहेश्वरी को चुना गया। उपाध्यक्ष सीए अमित गुरुबख्शानी, सचिव एडवोकेट मनीष नानकनी, सहसचिव सीए अभिषेक पारख तथा कोषाध्यक्ष सीए आशुतोष मिश्रा मनोनीत किए गए। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र रामरख्यानी के सफल कार्यकाल की सराहना की गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पारदर्शिता और निष्ठा के साथ करने का संकल्प लिया। नव निर्वाचित अध्यक्ष सीए आयुष माहेश्वरी ने बताया कि आगामी कार्यकाल में ग्रामीण व दूरस्थ अंचलों में वित्तीय साक्षरता, साइबर जागरूकता, विद्यालय, महाविद्यालयों में कर शिक्षा, नए उद्यमियों हेतु मार्गदर्शन कार्यक्रम तथा विशेषज्ञ संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। सदस्यों ने विश्वास जताया कि नई टीम करदाताओं के हित में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।











